# तीरंदाजी में राहुल और रोहतक की निधि प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

फरीदाबाद। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की ओर से बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को रिकर्व राउंड प्रतियोगिता के मुकाबले हुए। इसमें राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल प्रथम स्थान पर रहे, जबकि, लड़कियों की श्रेणी में सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि विजेता रहीं।

लड़कों के रिकर्व राउंड में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल प्रथम, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के विक्की हुड्डा द्वितीय और सागर शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की श्रेणी में सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि प्रथम, महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की निकिता द्वितीय और इसी महाविद्यालय की हेमलता तृतीय स्थान पर रहीं। इन सभी विजेताओं को अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने बधाई दी। इस मौके पर खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए महाविद्यालय के खेल शिक्षक नंद किशोर, डॉ. जगवीर सिंह, मोहित हुड्डा और तीरंदाजी कोच लवकेश मौजूद रहे। उधर प्रतियोगिता के पहले दिन लड़कों के इंडियन राउंड में अग्रवाल कॉलेज के सौरव प्रथम, साहिल द्वितीय और सचिन तृतीय स्थान पर रहे। वहीं लड़कियों की श्रेणी में एसएचएस भिवानी की निशा प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, बल्लभगढ़ की भूमिका द्वितीय और वीएमएम कॉलेज, रोहतक की पूनम तृतीय स्थान पर रहीं।



बल्लभगढ़ अग्रवाल कॉलेज में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। - संवाद